Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 27 मई, 2023

INS विक्रांत पर रात के समय मिग-29K द्वारा लैंडिंग

INS विक्रांत, भारत का पहला स्वदेशी विमान वाहक युद्धपोत है इसे **मैसर्स कोचीन शिपयार्ड** लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया। इस युद्धपोत को वर्ष 2022 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था, जो भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है। वर्तमान में यह विमान वाहक युद्धपोत **एयर सर्टिफिकेशन और फ्लाइट इंटीग्रेशन** परीक्षण से गुज़र रहा है, जिसमें **रोटरी विंग** और **फिक्स्ड विंग** दोनों तरह के विमान शामिल हैं, ताकि यह शीघ्र संचालन की स्थिति में आ सके। चल रहे परीक्षणों के दौरान ही मिग-29K और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) विमान की पहली सफल लैंडिंग हुई है। मिग-29K की रात में पहली लैंडिंग के साथ नौसेना ने एक ऐतिहासिक प्रगति हासिल की है, जो कि एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।

बुल्गारिया के लेखक ने अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2023 जीता

बुल्गारिया के लेखक **जॉर्जी गोस्पोडिनोव** और अनुवादक **एंजेला रोडेल** ने **टाइम शेल्टर** के लिये अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2023 जीता। यह एक **डार्क कॉमिक उपन्यास** है जिसमें **अतीत** को एक प्रकार से पुनर्जीवित होते हुए प्रदर्शित किया गया है। **50,000 पाउंड** की पुरस्कार राशि को लेखक और अनुवादक के बीच बाँटा गया है। यह पहली बार है जब मूल रूप से बुल्गारिया से प्रकाशित एक उपन्यास ने वार्षिक पुरस्कार जीता है, जो उपन्यास के अंग्रेज़ी में अनुवादित कार्य के लिये दिया गया है और पिछले वर्ष यूनाइटेड किंगडम में प्रकाशित हुआ था।**टाइम शेल्टर** ने इतालवी अनुवाद में साहित्य के लिये **इटली का स्ट्रेगा यूरोपीय पुरस्कार** भी जीता है। अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार प्रत्येक वर्ष यूनाइटेड किंगडम या आयरलैंड में प्रकाशित उपन्यास के अनुवादित कार्य के लिये दिया जाता है। यह अंग्रेज़ी भाषा के कथा साहित्य के लिये बुकर पुरस्कार के साथ संचालित किया जाता है, जिसे शरद ऋतु में दिया जाएगा। वर्ष 2022 में भारतीय लेखिका गीतांजलि श्री को **"रेत के मकबरे"** के लिये तथा अमेरिकी अनुवादक डेज़ी रॉकवेल को उसके अंग्रेज़ी अनुवाद **(Tomb of Sand)** के लिये अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

PCIM&H 'ई-ऑफिस' और ऑनलाइन पोर्टल

केंद्रीय आयुष मंत्री ने फार्माकोपिया कमीशन फॉर इंडियन मेडिसिन एंड होम्योपैथी **(PCIM&H) का दौरा किया और "PCIM&H के ई-ऑफिस पोर्टल" एवं "ऑनलाइन पोर्टल"** का उद्घाटन किया। ऑनलाइन पोर्टल फार्माकोपियल मोनोग्राफ की सॉफ्टकॉपी बेचने हेतु है। आयुष मंत्रालय के तहत **भारतीय चिकित्सा तथा होम्योपैथी (Pharmacopoeia Commission for Indian Medicine & Homoeopathy- PCIM&H)** हेतु फार्माकोपिया आयोग सक्रिय रूप से **आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी (Ayurveda, Siddha, Unani and Homeopathy-ASU&H)** दवाओं के मानकीकरण एवं गुणवत्ता नियंत्रण में शामिल है, साथ ही फार्माकोपिया के रूप में मानकों को प्रकाशित कर रहा है।**"PCIM&H का ई-ऑफिस पोर्टल" तथा "ऑनलाइन पोर्टल" फार्माकोपिया मोनोग्राफ की सॉफ्टकॉपी बेचने हेतु पोर्टल है।** ऑनलाइन पोर्टल विश्व भर के हितधारकों के बीच फार्माकोपिया मोनोग्राफ की परेशानी मुक्त पहुँच को बढ़ावा देगा।

विशेष रूप से हेलीकाप्टर मार्गों के लिये डिज़ाइन किया गया उड़ान (UDAN) 5.1

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने देश के **दूरस्थ क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ाने** और हेलीकाप्टरों के माध्यम से अंतिम मील कनेक्टिविटी प्राप्त करने के लिये **उड़ान (UDAN) 5.1** शुरू किया है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना-उड़ान (UDAN) के तहत पहली बार इसे **विशेष तौर पर हेलिकॉप्टर मार्ग** के लिये डिज़ाइन किया गया है। योजना अब उन मार्गों की अनुमति देगी जहाँ स्रोत या गंतव्य स्थानों में से एक प्राथमिकता क्षेत्र में है। पहले दोनों प्राथमिकता क्षेत्र थे। यात्रियों के लिये हेलीकॉप्टरों में उड़ान को और अधिक किफायती बनाने हेतु विमान किराया सीमा में **25%** की कमी की गई है। मुख्य मार्गों के संचालन के लिये **वित्तीय व्यवहार्यता** बढ़ाने हेतु **सिंगल और ट्विन-इंजन हेलीकॉप्टर** दोनों के लिये ऑपरेटरों हेतु **वायबिलिटी गैप फंडिंग (VGF)** सीमा में काफी वृद्धि की गई है। **UDAN योजना** का हालिया दौर भारतीय नागरिक उड्डयन में दो नए रुझानों का प्रमाण है: पहला अंतिम-मील कनेक्टिविटी पर ज़ोर देने के साथ हवाई यात्रा का व्यापक लोकतंत्रीकरण और दूसरा पर्यटन सहायता के लिये हेलीकाप्टरों की बढ़ती मांग। जबकि योजना के पहले दौर के हिस्से के रूप में **46 हेलीकॉप्टर मार्गों** का संचालन पूर्व में ही किया जा चुका है, जिससे कई पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों को लाभ हुआ है। हालाँकि इस दौर का लक्ष्य काफी अधिक संख्या में मार्गों को कवर करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-27-may-2023